रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
RailTel Corporation of India Ltd. (A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

23-05-2022

प्रेस विज्ञप्ति

रेलटेल दिल्ली पुलिस की सुरक्षित शहर परियोजना के तहत सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए एमपीएलएस और इंटरनेट बैंडविड्थ प्रदान करने के लिए 220.55 करोड़ रुपये के ऑर्डर को निष्पादित करेगा।

इस परियोजना के तहत रेलटेल एनसीटी दिल्ली के कुल 16 पुलिस जिलों में 182 पुलिस स्टेशनों और 3351 फील्ड स्थानों में लगभग 70 जीबीपीएस एमपीएलएस और इंटरनेट बैंडविड्थ प्रदान करेगा।

सेफ सिटी प्रोजेक्ट का उद्देश्य दिल्ली में महिला सुरक्षा को बढ़ाना है।

इस कार्य आदेश के लागू होने से दिल्ली पुलिस के सेफ सिटी प्रोजेक्ट को बढ़ावा मिलेगा : रेलटेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्रीमती अरुणा सिंह ।

****

रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, जो रेल मंत्रालय के तहत केंद्र सरकार का एक मिनी रत्न सार्वजनिक उपक्रम है, को दिल्ली पुलिस की सुरक्षित शहर परियोजना (Safe City Project) के तहत सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए लगभग 70 जीबीपीएस एमपीएलएस इंटरनेट बैंडविड्थ प्रदान करने के लिए 220.55 करोड़ रुपये का कार्य आदेश मिला है। रेलटेल ने यह ऑर्डर सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग (सी-डैक) के माध्यम से हासिल किया है, जिसे दिल्ली पुलिस ने अपने "सेफ सिटी प्रोजेक्ट" के लिए टोटल सर्विस प्रोवाइडर (टीएसपी) के रूप में लगाया है।

दिल्ली में महिला सुरक्षा बढ़ाने के अपने प्रयासों के तहत, दिल्ली पुलिस ने दिल्ली में सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा के लिए विभिन्न विश्लेषणात्मक और Artificial Intelligence उपकरणों के साथ एक सुरक्षित शहर परियोजना शुरू की है। रेलटेल इस परियोजना के लिए आवश्यक सिटी वाइड एमपीएलएस और इंटरनेट बैंडविड्थ प्रदान करेगा जो इसके सफल कार्यान्वयन में बहुत महत्वपूर्ण है। शहरव्यापी नेटवर्क अनिवार्य रूप से सुरक्षित शहर समाधानों में मदद करने के लिए हाई-स्पीड नेटवर्क कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

कार्य के दायरे में शामिल है --तीन चरणों में दिल्ली एनसीटी में कुल 16 पुलिस जिलों में फैले 182 पुलिस स्टेशनों और 3351 फील्ड स्थानों पर मल्टी-प्रोटोकॉल लेबल स्विचिंग (एमपीएलएस) और इंटरनेट बैंडविड्थ प्रदान करना । इसमें पुलिस मुख्यालय, इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल कम्युनिकेशन सेंटर, जिला मुख्यालय, डेटा सेंटर, डिजास्टर रिकवर सेंटर, व्यूइंग कंट्रोल सेंटर से कनेक्टिविटी भी शामिल होगी। सेवाएं पूरी परियोजना के शुरू होने से 3 साल की अवधि के लिए प्रदान की जाएंगी।

इसके बारे में बात करते हुए, रेलटेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्रीमती अरुणा सिंह ने कहा, "रेलटेल एक प्रमुख सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) प्रदाता और एक तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाता होने के नाते उच्च गति एमपीएलएस और इंटरनेट बैंडविड्थ प्रदान करने में बहुत मजबूत विशेषज्ञता रखता है। इस कार्य आदेश के लागू होने से दिल्ली पुलिस के सेफ सिटी प्रोजेक्ट को बढ़ावा मिलेगा।

रेलटेल के बारे में:

रेलटेल, रेल मंत्रालय के अधीन एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के कई कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक सुदृढ़ विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलैक्टॉलिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के पैनल वाले टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज़ सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराता है। रेलटेल देशभर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में परिवर्तित करने के लिए भारतीय रेलों के साथ भी कार्य कर रहा है और कुल 6100+ स्टेशन रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

अधिक जानकारी के लिए

sucharita@railtelindia.com